दिनांक 08.11.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के महापौर देवेन्द्र यादव ने आज आयुक्त के0एल0 चौहान की उपस्थिति में विकास कार्यों से जुड़े एवं समस्त विभाग प्रमुखों की बैठक निगम सभागार में आयोजित की गई थी। उक्त बैठक में महापौर के समक्ष वर्ष 2016 में किये गये कार्य एवं 2017 में प्रस्तावित कार्यों एवं सांसद, विधायक, निगम मद, केन्द्र एवं राज्य परिवर्तित योजना के संबंध में तथा उद्यान, निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में लगाये जाने वाले एलईडी बल्ब के संबंध में जोनवार जानकारी मांगे जाने पर अधिकारियों को पूर्ण जानकारी के साथ उपस्थित नहीं होने पर महापौर ने नाराजगी व्यक्त की तथा निगम आयुक्त को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी बैठक में सभी अधिकारी पुरी जानकारी वार्डवार तैयार कर उपस्थित हों इसकी समीक्षा मेरे द्वारा की जावेगी इस हेतु समस्त विभाग प्रमुखों को पत्र जारी करें। आयुक्त को निर्देशित कर महापौर बैठक से चले गये।

निगम महापौर श्री यादव के जाने के बाद निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान द्वारा उपस्थित समस्त जोनआयुक्त, विभाग प्रमुखों की बैठक ली। बैठक में सर्वप्रथम निगम आयुक्त ने विद्युत व्यवस्था के संबंध में एलईडी फिटिंग के बारे में समीक्षा की जिसमें नोडल अधिकारी टी0के0 रणदिवे, कार्यपालन अभियंता (विद्युत) द्वारा जानकारी दी गई कि 07 नवम्बर तक जोन 01 में 2970, जोन 02 में 3689 जोन 03 में 1606, जोन 04 में 1648, जोन 06 में 3244 इस प्रकार कुल 13157 नग विभिन्न वाट के एलईडी फिटिंग लगाये जा चुके हैं। बैठक में ईईएसएल कम्पनी की ओर से श्री दीपक साहू (प्रभारी इंजीनियर) उपस्थित थे जिन्हे सामान समय पर नहीं पहुंचने एवं कार्य अत्यन्त धीमी प्रगति होने के कारण नाराजगी व्यक्त की गई, एवं जिन–जिन वार्डों में एलईडी फिटिंग लग चुकी है तथा वहॉ की शिकायत आने पर उनका भी शीघ्र निराकरण करने हेतु आदेशित किया गया है, तथा समस्त जोनआयुक्तों को खंभो से उतर रही विद्युत सामग्री जैसे टीएल, सीएफएल, सोडियम आदि का सम्पूर्ण रिकार्ड मेंन्टेन करने एवं प्रति सप्ताहवार एलईडी फिटिंग लगाने का कार्य योजना तैयार करने भी आदेशित किया गया।

समस्त जोनआयुक्त, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास के संबंध में वार्डवार जानकारी आयुक्त महोदय को दी। निगम आयुक्त ने समस्त जोनआयुक्तों को शक्त निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व विभाग के कर्मचारियों को साथ लेकर अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के संबंध में पूर्ण जानकारी आयुक्त महोदय, को दी। उद्यान अधिकारी ने निगम क्षेत्र के उद्यानों में किये गये कार्य एवं शेष बचे हुए कार्यों की प्रगति से अवगत कराया।

निगम आयुक्त ने निगम क्षेत्र में चल रहे समस्त विकास कार्यों का कोसवारा तैयार कर अगले बैठक में पुरी तैयारी के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिये गये। अधुरी जानकारी के साथ उपस्थित होने वाले विभाग प्रमुखों पर सीधी कार्यवाही की जावेगी। समस्त विभाग प्रमुख इस बात को ध्यान रखें कि बैठक में समय पर उपस्थित होवें, अनुपस्थिति की स्थिति में

नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। आगामी बैठक में निगम महापौर देवेन्द्र यादव के द्वारा समीक्षा की जावेगी।

बैठक में सभी जोनआयुक्त, विभाग प्रमुख, प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य में लगे अधिकारी, कर्मचारी, स्वच्छ भारत मिशन के अभियंता एवं अधिकारी, कर्मचारी, उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम भिलाई